Editorial: The Greatest Discovery in All Creation

It is well known how Prince Siddhartha, after renouncing household life and undertaking profound spiritual practice, attained enlightenment beneath the Bodhi tree at the age of thirty-five. After attaining enlightenment, the Buddha showered the Dharma upon the world until the age of eighty and showed suffering humanity the path to deliverance. In this sequence, his teachings were classified respectively as his first utterance, middle utterance, and final utterance. His first utterance is quoted below:

Anekajātisaṃsāraṃ sandhāvissaṃ anibbisaṃ,
Gahakārakaṃ gavesanto dukkhā jāti punappunaṃ. ॥153॥

Meaning:

In search of the builder of this house-like body, I wandered ceaselessly through this world over many different births, continually coming and going. To be born again and again in this world is indeed painful.

Gahakāraka diṭṭhosi puna gehaṃ na kāhasi,
Sabbā te phāsukā bhaggā gahakūṭaṃ visaṅkhataṃ;
Visaṅkhāragataṃ cittaṃ taṇhānaṃ khayamajjhagā. ॥154॥
(Buddharakkhita, 1985, Dhammapada)

Meaning:

O builder of the house! O craving! At last, I have seen you. Now you will not be able to build this prison again. All its supporting links have been broken, and its roof-peak has also been destroyed. My mind has become free from conditioned formations. Craving has been extinguished, and arahantship has been attained.

The Buddha uttered these verses beneath the pipal tree at Bodh Gaya after attaining enlightenment. He later repeated them while answering a question asked by *Ānanda.*

In the forests of *Uruvelā*, on the bank of the Nirañjanā River, Siddhartha made a firm resolution 2,553 years ago, on the full-moon day of the month of Vaiśākha: “Today, I shall rise from meditation only after beholding the Truth.” Before sunrise, he came beneath the sacred pipal tree, which is now known as the Bodhi tree, and entered meditation.

Meanwhile, Māra, thinking that this was a “do-or-die” day, employed all his power. He presented Siddhartha with temptations of every kind. He sent groups of exceptionally beautiful women. He sent hordes of demons, monsters, serpents, and beasts, but none of them could move Siddhartha even slightly. When Māra’s daughters, including Arati and Taṇhā, failed, one of them assumed the form of Yaśodharā. Appearing before the Buddha as “Yaśodharā,” she pleaded with him, telling him that he was pursuing a futile quest. But the Buddha did not waver in the least. The pipal tree, which stood as a witness, also remained unmoved. Before sunrise, Māra’s army was defeated and fled.

During the first watch of the night, Siddhartha examined his former births one by one. During the middle watch, he turned his vision toward the whole of creation, seeking to understand where existence begins and where it comes to an end. During the final watch, filled with waves of compassion and mercy for the whole of creation, he sent forth thoughts of loving-kindness. At sunrise, he perceived the complete Truth. Thereafter, these verses spontaneously issued from his lips and became immortal for ages upon ages.

The meaning of the Buddha’s verses is that all the materials with which the prison is constructed have been destroyed. All the tools used to build this prison have been broken. The entire structure has been demolished. My mind has now become completely peaceful. The craving that once existed has been entirely extinguished.

The course of my journey, the cycle of coming and going, had continued in the form of successive births. I had been searching for the creator of those births, but I had always failed. O maker of this body-like prison! Today, I have caught you. This cycle of coming and going was extremely painful. At last, I have found you. Your habit of silently constructing a prison for me in every birth has now been discovered. You will never again be able to construct for me the prison of the “self.”

Just as workers, masons, and craftsmen are needed to construct a prison, worldly desire is required for the construction of this body-like prison. Attachment, aversion, and craving are necessary for its construction. During the Buddha’s previous births, these forces had always been present in one form or another. But on this day beneath the Bodhi tree, he recognized them. Through deception and force, and with the support of illusion, they had always kept him misguided. On this day, he reduced them all to ashes in the fire of wisdom.

The construction of a building requires a strong beam capable of bearing the weight of the roof. The Buddha shattered that beam into pieces. How could the beam now continue to carry the weight of the roof? The building materials, bricks, cement, and lime, were scattered, mixed into mud and water, and ruined. In other words, the materials supplied by the senses, through which this body-like prison had been constructed, were destroyed.

These verses express the joy of a weary traveller, exhausted by birth after birth, upon reaching the end of the journey.

In truth, through these two verses, the Buddha challenges Māra and the maker of karma. He declares how, in his former births, he had been deceived with the assistance of the senses, repeatedly made to drink the intoxicating wine of craving, and misled by spectacles of passion and pleasure, form and formlessness. Because of this, he had been deceived every time. In each birth, he had been captured and once again cast into the body-like prison.

Now he challenges Māra: “If you possess the courage, try once again to construct a new prison for me.”

These two verses of the Buddha appeared as rays of hope for humankind. They reassure ordinary people that a future is possible for them as well. A person comes to understand that although they may be bound in chains, they can break those chains and escape. If the Buddha could emerge from that entanglement, then, through effort, they too can free themselves from the same snare.

Dr. Sandhimitra Baudh

Editor

Bodhi Path

संपादकीय (Hindi): सृष्टि की महानतम खोज

यह सर्वविदित है कि कैसे राजकुमार सिद्धार्थ ने गृह त्याग एवं गहन साधना के बाद 35 वर्ष की अवस्था में बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान की प्राप्ति की। ज्ञान प्राप्ति के बाद 80 वर्ष की अवस्था तक बुद्ध ने धर्म-वृष्टि की तथा दुःख से संतप्त मानव को त्राण दिलाने का मार्ग बतलाया। इसी क्रम में क्रमशः उनके उपदेशों को प्रथम वचन, मध्यम वचन तथा अन्तिम वचन के रूप में बाँटा गया।

अनेकजाति संसारं सन्धाविस्सं अनिब्बिसं ।

गहकारकं गवेसन्तो दुक्खा जाति पुनप्पुनं ॥153॥

अर्थ:

इस शरीर रूपी भवन के निर्माणकर्ता की खोज में विभिन्न जन्मों में मैं इस संसार में बिना रुके आते-जाते दौड़ता रहा।

इस संसार में बार-बार जन्म लेना वस्तुतः दुःखदायी है।

गहकारकं दिट्ठोसि पुन गेहं न काहसि।

सब्बा ते फासुका भग्गा गहकूटं विसङ्खतं।
विसङ्खारगतं चित्तं तण्हानं खयमज्जगा ॥154॥ (बौद्धरक्षित, 1985, धम्मपद)

अर्थ&

हे गृहकारक! (तृष्णा! मैंने अंततः तुम्हें देख ही लिया है। अब तुम पुनः कारागार नहीं बना सकोगे। सभी कड़ियाँ टूट गई हैं। शिखर भी ध्वस्त हो गया है। मेरा चित्त संस्काररहित हो चुका है। तृष्णा का क्षय(अरहत्व) प्राप्त हो चुका है।

यह गाथा बुद्ध ने बोधगया में पीपल वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति के बाद उच्चारित की थी। बाद में आनन्द के एक प्रश्न के उत्तर में भी इसकी पुनरावृत्ति की थी।

उरुवेला के जंगलों में, निरंजना नदी के तट पर सिद्धार्थ ने 2553 वर्षों पूर्व वैशाख मास की पूर्णिमा के दिन दृढ़ संकल्प लिया कि आज सत्य के दर्शन करके ही ध्यान से उठूँगा। सूर्योदय से पूर्व ही वे उस पवित्र पीपल के वृक्ष, जिसे आज बोधि वृक्ष कहा जाता है, के नीचे आकर ध्यानस्थ हो गए। इधर मार ने यह सोचकर कि यह "करो या मरो" का दिन है, अपनी पूरी शक्ति लगा दी। तरह-तरह के प्रलोभन दिए। एक से एक सुन्दरियों का समूह भेजा। राक्षस-दैत्यों, नाग-पशुओं का झुंड भेजा पर कोई उन्हें टस से मस नहीं कर पाया। उसकी पुत्रियाँ आरति, तन्हा आदि के असफल रहने पर, उनमें से एक ने यशोधरा का रूप धरा और "यशोधरा" बुद्ध के सामने आकर उनसे प्रार्थना करने लगी कि वे व्यर्थ की खोज कर रहे हैं। पर बुद्ध बिल्कुल भी न डिगे। साक्षी पीपल का वृक्ष भी अडिग रहा। सूर्योदय होने से पूर्व ही मार की सेना हारकर भाग गई।

रात्रि के प्रथम भाग में उन्होंने अपने पूर्व जन्मों का एक-एक कर अवलोकन किया। मध्य भाग में पूरी सृष्टि पर दृष्टि फेरी कि यह अस्तित्व कहाँ से प्रारम्भ होकर कहाँ समाप्त होता है। अन्तिम प्रहर में समस्त सृष्टि के प्रति दया और करुणा की लहरों से ओतप्रोत होकर प्रेममय भाव भेजा और सूर्योदय के समय उन्होंने सम्पूर्ण सत्य का अवलोकन किया। उसके बाद उनके मुखारविंद से ये गाथाएँ स्वतः ही निकल पड़ी जो युग-युगान्तरों के लिए अमर हो गई।

बुद्ध की गाथा का आशय है, जिन-जिन सामग्रियों से तुम यह कारागार बनाते हो वे सारी सामग्रियाँ नष्ट कर दी गई हैं। जिन-जिन यंत्रों से तुम इस कारागार का निर्माण करते हो वे सभी तोड़ दी गई हैं। सारी संरचना को ध्वस्त कर दिया गया है। मेरा मन अब पूर्णतः शान्त हो गया है। जो तृष्णा थी वह पूर्णतः समाप्त हो गई है।

मेरी यात्रा का सिलसिला, आवागमन का चक्र अन्य जन्मों के रूप में चल रहा था। मैं उन जन्मों के रचयिता की खोज कर रहा था पर सदैव असफल रहा था। इस शरीर रूपी कारागार के निर्माता! आज मैंने तुम्हें पकड़ लिया है। आवागमन का यह चक्र बहुत ही दुःखदायी था। तुम्हें अंततः खोज ही लिया। तुम्हारी हर जन्म में मेरे लिए चुपचाप कारागार बनाने की आदत पकड़ी गई। अब तुम मेरे लिए "स्व" का कारागार फिर कभी नहीं बना सकोगे।

जिस प्रकार कारागार के निर्माण के लिए मजदूरों, मिस्त्रियों एवं कारीगरों की आवश्यकता पड़ती है उसी प्रकार इस शरीर रूपी कारागार के निर्माण के लिए सांसारिक इच्छा की आवश्यकता पड़ती है। राग-द्वेष एवं तृष्णा की जरूरत पड़ती है। बुद्ध के पूर्व जन्मों में ये किसी न किसी रूप में विद्यमान रहते थे पर आज बोधि वृक्ष के नीचे उन्होंने इन्हें पहचान लिया जो अपने छल-बल द्वारा माया का सहारा लेकर सदा से उन्हें गुमराह किए हुए थे। ज्ञान की अग्नि में आज उन्होंने इन सबों को भस्म कर दिया।

भवन के निर्माण के लिए एक मजबूत शहतीर की आवश्यकता होती है जो छत का वजन संभालती है। बुद्ध ने उस शहतीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। अब वह शहतीर छत का वजन कैसे उठा पायेगी. गृह निर्माण सामग्री ईंट, सीमेंट, चूना सभी को इधर-उधर मिट्टी-पानी में मिला बर्बाद कर दिया, अर्थात् उन इन्द्रियों की सामग्री को बर्बाद कर दिया जिनसे इस शरीर रूपी कारागार का निर्माण होता था।

ये गाथा एक जन्म जन्मान्तर के थके पथिक की यात्रा समाप्ति पर प्रसन्नता का द्योतक है।

वस्तुतः बुद्ध इन दोनों गाथाओं के माध्यम से मार को एवं कर्म के सृजनकर्ता को चुनौती देते हैं कि किस प्रकार उन्हें पूर्व जन्मों में इन्द्रियों की मदद से छल द्वारा, तृष्णा का मद्यपान करा-कराकर, राग-रंग, रूप-अरूप का दृश्य दिखाकर गुमराह कर दिया जाता था जिससे उन्हें हर बार धोखा हो जाता था। उन्हें हर जन्म में पकड़कर एक बार पुनः शरीर रूपी कारागार में डाल दिया जाता था। अब वे मार को चुनौती देते हैं कि तुममें अगर हिम्मत है तो एक बार फिर मेरे लिए नूतन कारागार बनाकर दिखाओ।

बुद्ध की ये दोनों गाथाएँ मानव जाति के लिए आशा की किरण के रूप में प्रस्तुत हुई हैं। इनसे सामान्य जन को भी यह ढाढ़स बँधता है कि उसके लिए भी एक भविष्य है। वह समझ पाता है कि यद्यपि वह बेड़ियों में जकड़ा हुआ है पर उन बेड़ियों को तोड़कर उनसे निकल सकता है। बुद्ध अगर उस जंजाल से निकल सकते हैं तो प्रयत्न करने से वह भी उस जाल से मुक्त हो सकता है।

डा संधमित्रा बौद्ध